संसद सदस्यों ने डा. बी. आर. अम्बेडकर को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 14 अप्रैल, 2018: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा **महाजन;** राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष, श्री गुलाम नबी आज़ाद; आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री, श्री हरदीप सिंह पुरी; संसदीय कार्य और सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री, श्री विजय गोयल; सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री, श्री रामदास अठावले; पूर्व उप प्रधान मंत्री और लोक सभा की आचार समिति के सभापति, श्री लाल कृष्ण आडवाणी ; लोक सभा की लोक लेखा समिति के सभापति, श्री मल्लिकार्जुन खडगे; तथा राज्य सभा की विभागों से सम्बद्ध मानव संसाधन विकास संबंधी संसदीय स्थायी समिति के सभापति, डॉ सत्यनारायण जटिया ने आज डा. बी. आर. अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए ।

इस समारोह में भाग लेने वाले विशिष्टजनों में अनेक संसद सदस्य और पूर्व संसद सदस्य शामिल थे।

लोक सभा की महासचिव, श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव और राज्य सभा के महासचिव, श्री देश दीपक वर्मा और लोक सभा तथा राज्य सभा सचिवालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

समारोह में उपस्थित विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित डा. बी. आर. अम्बेडकर के जीवनवृत्त पर एक पुस्तिका भेंट की गई ।

डा. बी. आर. अम्बेडकर के चित्र का अनावरण तत्कालीन प्रधान मंत्री, श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में 12 अप्रैल, 1990 को किया था।